भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2217

जिसका उत्तर 15.03.2021 को दिया जाना है

पटना-बक्सर राजमार्ग की स्थिति

2217 श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पटना-बक्सर राजमार्ग विस्तार योजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इस योजना को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है और इसके साथ ही कितना प्रतिशत कार्य को पूरा किया जाना शेष है;

(ग) सोन नदी पर कोइलवर पुल और गंगा नदी पर बक्सर पुल के प्रस्तावित निर्माण कार्य की स्थिति क्या है; और

(घ) इसे कब तक पूरा किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के चौड़ीकरण कार्य को 3 पैकेजों में बांटा गया है अर्थात् (i) पटना-कोइलवर, (ii) कोइलवर-भोजपुर और (iii) भोजपुर-बक्सर। पटना-कोइलवर खंड के लिए पूर्व सौंपे गए कार्य को 26/12/2018 को समाप्त कर दिया गया है और वर्तमान में वित्त वर्ष 2021-22 कार्य को सौंपे जाने के लक्ष्य के साथ दानापुर से बिहटा खंड में एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शुरू की गई है। कोइलवर-भोजपुर और भोजपुर-बक्सर खंड में कार्य की वास्तविक प्रगति क्रमश: 69% व 55.34% है। सोन नदी पर कोइलवर पुल और गंगा नदी पर बक्सर पुल सहित कोइलवर-भोजपुर एवं भोजपुर-बक्सर खंड में संपूर्ण कार्य क्रमश:अक्टूबर, 2021 व अप्रैल, 2022 तक पूरा कर लिया जाना निर्धारित है।

*****